आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 02.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा — प्रदेश के 200 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम निर्बाध रूप से संचालित किया जा रहा है।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा— चारधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए राज्य सरकार तैयार।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।
- रसोई गैस की कालाबाजारी पर पिथौरागढ़ जिला प्रशासन सख्त। पारदर्शी आपूर्ति के लिए नगर क्षेत्र में सैक्टर अधिकारी नियुक्त।

व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश के 200 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम निर्बाध रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक नई टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक पूर्व में अनुबंधित संस्था ही इन विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन करती रहेंगी। इससे न केवल शिक्षण कार्य में निरंतरता बनी रहेगी, बल्कि छात्रों के कौशल विकास पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को नये शिक्षा सत्र 2026—27 में कार्यक्रम संचालन को निजी संस्थानों के साथ अनुबंध को शीघ्र टेण्डर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टेण्डर और अनुबंध प्रक्रिया में पारदर्शिता व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा समयबद्ध तरीके से सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएं। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता उच्च स्तर की बनी रहे। इसके अलावा डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को विद्यालय स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित निगरानी के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र 2026—27 में समग्र शिक्षा के तहत 544 और विद्यालयों में भी व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जायेगा, जिसकी स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। इन विद्यालयों में आठ विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी। इनमें एग्रीकल्चर, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रोनिक्स एंड हार्डवेयर, आईटी, प्लम्बिंग, रिटेल और टूरिज्म व हॉस्पिटैलिटी शामिल है।

<u>पर्यटन मंत्री</u>

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि राज्य सरकार ने 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को सुगम, सुखद और सुरक्षित बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि यात्रा में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यात्रा के लिए जिला व पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल विभाग, होटल एसोसिएशन और टूर ऑपरेटर्स सभी एकजुट होकर काम कर रहे हैं। चारधाम यात्रा के सभी प्रमुख पड़ावों पर पर्याप्त आवास, साफ–सुथरे भोजनालय और विश्राम स्थल सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत, अतिरिक्त बस सेवाएं और यातायात प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था की गई है। प्रत्येक धाम पर मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस, ऑक्सीजन सुविधा और आपातकालीन रेस्क्यू टीमें तैनात रहेंगी। इसके अलावा निरंतर विद्युत आपूर्ति, पेयजल, मोबाइल कनेक्टिविटी और शौचालयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में आने से पहले सभी यात्री ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं और प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने के साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

<u>स्वच्छता अभियान</u>

तीर्थ नगरी हरिद्वार को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जिलेभर में वृहद स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। चार धाम यात्रा के मद्देनज़र शुरू किए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य तीर्थ यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रशासन की आरे से पिछले पांच महीनों से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसे अब और तेज़ किया गया है। अभियान के तहत विभिन्न विभागों और संगठनों ने सक्रिय भागीदारी की। होम्योपैथी विभाग ने सभी चिकित्सालयों में सफाई अभियान चलाकर लगभग 5 हजार 900 किलो सूखा और 3 हजार 680 किलो गीला कूड़ा एकत्रित किया गया। वहीं आयुर्वेदिक विभाग, पीआरडी, महिला और युवा मंगल दलों ने भी सफाई अभियान में सहयोग दिया। इसके अलावा, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के ऋषिकुल परिसर, नगर निगम क्षेत्रों, नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों और सिडकुल क्षेत्र में भी व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। बीएचईएल टाउनशिप में भी प्रमुख स्थानों पर साफ–सफाई की गई।

<u>मखाना खेती</u>

प्रदेश में मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने पहल तेज कर दी है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों को किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में बिहार की एक निजी संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने श्री जोशी से मुलाकात के दौरान बताया कि उनकी संस्था लम्बे समय से मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में कार्य रही है और हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना है।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मखाना की खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओं के अनुभव का लाभ राज्य में लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि बिहार के उन क्षेत्रों का दौरा किया जाए जहां मखाना का बेहतर उत्पादन हो रहा है, ताकि किसानों को आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जलभराव वाली भूमि का प्रभावी उपयोग कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

<u>गैस आपूर्ति पिथौरागढ़</u>

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने और वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए सख्त और प्रभावी कदम उठाए हैं। इसके तहत नगर क्षेत्र को कई सैक्टरों में बांटकर प्रत्येक सेक्टर के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो गैस वितरण की निगरानी करेंगे। यह निर्णय उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायतों और आपूर्ति में अनियमितताओं को देखते हुए लिया गया है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि सभी सैक्टर अधिकारियों को लगातार चेकिंग अभियान चलाते हुए उचित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

<u>ओण दिवस</u>

जंगलों को आग से बचाने के लिए हर साल एक अप्रैल को ओण दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में कल अल्मोड़ा जिले के विद्यालयों और विभिन्न स्थानों में भी ओण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर अल्मोड़ा में एक पर्यावरणीय संस्था की ओर से एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों और प्रबुद्ध नागरिकों ने वनाग्नि और जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पारिस्थितिकी संकट पर चर्चा की। इस अवसर पर अल्मोड़ा सिविल सोयम वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप धौलाखंडी ने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

<u>ऑपरेशन प्रहार</u>

प्रदेश में कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत उत्तराखंड पुलिस ने देहरादून में विभिन्न आपराधिक मामलों में कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों राजपुर क्षेत्र में हुई फायरिंग और हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले भी चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। इसके अलावा महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुई साढे 18 लाख रुपये की डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी को देहरादून और महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम ने ऋषिकेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत पूरे प्रदेश में सघन चेकिंग और सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पीजी, होटल, आश्रम और धर्मशालाओं में ठहरने वाले लोगों का सत्यापन भी किया जा रहा है।